गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 06.02.2023 को प्रातः 10:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रहीः—

1.	प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
3.	प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा	सदस्य
4.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
5.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
6.	प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी	सदस्य
7.	प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव	सदस्य
8.	प्रो0 सीमा राय	सदस्य
9.	डॉ0 राजेन्द्र मेहता	सदस्य
10.	प्रो0 सी.एस. वझलवार	सदस्य
11.	प्रो0 ब्रजेश तिवारी	सदस्य
12.	प्रो0 एस.सी. तिवारी	सदस्य
13.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
14.	डॉ0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंगरौल	सदस्य
15.	डॉ0 एस.के. प्रजापति	सदस्य
16.	डॉ0 बी.आर. रावटे	सदस्य
17.	प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा समस्त सदस्यों से विश्वविद्यालयीन विकास कार्यों में गति लाने एवं इस हेतु सार्थक, परिणामोन्मुखी प्रयास करने का आव्हान किया गया एवं विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्रदान किया गया। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :—

विषय क्र.01 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.01.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.01.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र. 02 विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.01.2023 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.01.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि परीक्षा आयोजन एवं प्रश्न पत्र निर्माण संबंधी समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश पुनः स्मरण पत्र के रूप में शिक्षकों की जानकारी के लिए वेब पटल पर जारी किया जाय।

विषय क्र. 03 **गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में short term Executive Development Program किये जाने पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में short term Executive Development Program आयोजित किये जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव पर बैठक में सुझाये गये संशोधनों के साथ अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के विद्यापीठों के अधिष्ठातागण समान ईडीपी कार्यक्रम अपने–अपने विद्यापीठों के अंतर्गत आयोजित कराये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करायेंगे।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में ईडीपी/एमडीपी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु एवं नियमन हेतु विनियम प्रारूपित किया जाय। विनियम प्रारूपण के लिए समिति गठित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

विषय क्र. 04 **आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समिति की बैठक दिनांक 10.12.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समिति की बैठक दिनांक 10.12.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को प्रदान किया जाने वाले पुरस्कार एवं सम्मान प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के दिन प्रदान किये जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि निदेशक आईक्यूएसी सभी विभागों के विभागाध्यक्षों/विभाग प्रतिनिधियों को बुलाकर NAAC से संबंधित बिन्दुओं पर जानकारी संकलन के लिए आवश्यक जानकारी साझा करेंगे एवं यथोचित निर्देश प्रदान करेंगे।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

अ.अ.वि.क्र. 01 विश्वविद्यालय के कन्सल्टेंसी पॉलिसी के प्रावधानों पर पुनर्विचार कर प्रस्ताव प्रस्तुत कराये जाने हेतु गठित समिति से प्राप्त अनुशंसाओं पर विचार किया गया एवं स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

अ.अ.वि.क्र. 02 जीव विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता के माध्यम से सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटि से संबंधित प्राप्त प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि प्राप्त प्रस्ताव को रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रकोष्ठ को अंतरित किया जाय तथा रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रकोष्ठ परिक्षणोंपरान्त यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

अ.अ.वि.क्र. 03 विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट से संबंधित उपकरण क्रय के लिये यथोचित प्रक्रिया निर्धारण प्रस्ताव निदेशक, रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट तैयार कर प्रस्तुत करेंगे।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

06/02/23 06/02/2023

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव **कुलपति/अध्यक्ष**